


# बुद्ध पूर्णिमा के दिन महात्मा बुद्ध और मां लक्ष्मी को क्या भोग लगाएं?

बुद्ध पूर्णिमा इस साल 12 मई, दिन सोमवार को पड़ रही है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी और महात्मा बुद्ध की पूजा का विधान है। ऐसा माना जाता है कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन जहां एक ओर महात्मा बुद्ध की आराधना करने से आध्यात्मिक बल मिलता है तो वहीं, दूसरी ओर इस दिन लक्ष्मी माता के पूजन से घर में सुख-समृद्धि का वास स्थापित होता है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन महात्मा बुद्ध और मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए उहें उनका प्रिय भोग अवश्य लगाना चाहिए। ऐसे में आइये जानते हैं कि मां लक्ष्मी और महात्मा बुद्ध को बुद्ध पूर्णिमा के दिन क्या भोग लगाएं।

## बुद्ध पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी को लगाएं ये भोग

मां लक्ष्मी को खीर बहुत प्रिय है। चावल की खीर में केसर, किशमिश, चारोली और मेवे डालकर भोग लगाना शुभ माना जाता है। इससे घर में सुख-समृद्धि आती है। इसके अलावा, शुद्ध घी से बना हलवा जैसे सूजी का हलवा या आटे का हलवा भी मां लक्ष्मी को अर्पित किया जा सकता है। यह प्रसन्नता और रिश्तों में मिठास का प्रतीक है। इससे पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे और क्लेश दूर होगा। मां लक्ष्मी को सफेद रंग की मिठाईयां जैसे पेड़ा या बर्फी भी पसंद हैं। इन्हें अर्पित करने से घर में शांति और सकारात्मकता बनी रहती है। वहीं, नारियल को श्री फल कहा जाता है और यह मां लक्ष्मी को अत्यंत प्रिय है। इसे अर्पित करने से धन और वैभव की प्राप्ति होती है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी को बताशे भी चढ़ाए जाते हैं। इस दिन बताशों का भोग लगाने से ग्रह दोष दूर होने लग जाता है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर महात्मा बुद्ध को लगाएं ये भोग

गौतम बुद्ध को बुद्ध पूर्णिमा के दिन खीर का भोग लगाना शुभ माना जाता है। विशेष रूप से केसर की खीर का भोग लगाना उत्तम है। ऐसा माना जता है कि महात्मा बुद्ध को बुद्ध पूर्णिमा के दिन केसर खीर का भोग लगाने से व्यक्ति के जीवन में भी मिठास घुलने लगती है और कड़वे एवं नकारात्मक विचारों से व्यक्ति को छुटकारा मिलना शुरू हो जाता है और सकारात्मकता व्यक्ति के भीतर आने लगती है।


बुद्ध पूर्णिमा के दिन ताज़े और मौसमी फल जैसे केला, सेब, संतरा आदि भी महात्मा बुद्ध को अर्पित किए जा सकते हैं। इसके अलावा, बुद्ध पूर्णिमा के दिन महात्मा बुद्ध को सत्तू का भोग लगाना भी अच्छा माना जाता है। ज्योतिष अनुसार, सत्तू का भोग लगाने से व्यक्तित्व में शांति आती है और क्रोध नियंत्रण में रहता है। सादा चावल और दाल का भोजन भी बुद्ध को अर्पित किया जा सकता है जो सादगी का प्रतीक है।



# वैशाख पूर्णिमा के दिन किस पेड़ की पूजा करने से मिलेगा मनचाहा परिणाम

**वैशाख पूर्णिमा भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन उनकी विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। भक्त सत्यनारायण व्रत भी रखते हैं और कथा सुनते हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इसी दिन गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और निर्वाण भी हुआ था। इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने से सभी पापों से छुटकारा मिल सकता है। आपको बता दें, इस साल वैशाख पूर्णिमा 12 मई को मनाई जाएगी। पूर्णिमा तिथि 11 मई को शाम 06.55 बजे शुरू होगी और 12 मई को शाम 07.22 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार, व्रत और पूजा 12 मई को की जाएगी। अब ऐसे में इस दिन कुछ ऐसे पेड़-पौधे हैं, जिनका पूजा करने से लाभ हो सकता है।**

## वैशाख पूर्णिमा के दिन करें पीपल के पेड़ की पूजा



वैशाख का महीना भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है और पीपल के वृक्ष को भी उनका ही स्वरूप माना जाता है। मान्यता है कि वैशाख पूर्णिमा के दिन पीपल की पूजा करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और अपनी कृपा बरसाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा के दिन पीपल के पेड़ की पूजा करने से कुंडली में शनि और गुरु की स्थिति मजबूत हो सकती है।

## वैशाख पूर्णिमा के दिन करें तुलसी की पूजा

वैशाख पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु के साथ-साथ मां लक्ष्मी की पूजा का भी महत्व है। इसलिए इस दिन तुलसी की पूजा विशेष रूप से करें। ऐसा माना जाता है कि वैशाख पूर्णिमा के दिन तुलसी की पूजा करने से व्यक्ति के पिछले जन्मों के पाप भी नष्ट हो जाते हैं।

## वैशाख पूर्णिमा के दिन करें शमी के पेड़ की पूजा

वैशाख पूर्णिमा के दिन शमी के पेड़ की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति की कुंडली में स्थित शनि की स्थिति सही हो सकती है और शनिदेव के अशुभ प्रभावों से भी बचा जा सकता है। इसलिए इस दिन शमी के पेड़ की पूजा से लाभ हो सकता है। साथ ही व्यक्ति की मनोकामनाएं भी पूरी हो सकती है।





# वैशाख पूर्णिमा के दिन इन जगहों पर जलाएं दीपक दूर होंगी सभी परेशानियां

वैशाख का महीना भगवान विष्णु को समर्पित है और पूर्णिमा तिथि पर उनकी विशेष पूजा की जाती है। भक्त सत्यनारायण व्रत रखते हैं। इससे सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। अब ऐसे में इस दिन किन स्थानों पर दीपक जलाना शुभ माना जाता है। इसके बारे में इस लेख में विस्तार से जानते हैं।

सनातन धर्म में वैशाख पूर्णिमा का विशेष महत्व है। वैशाख पूर्णिमा भगवान विष्णु को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन विष्णु की पूजा करने से सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन दान-पुण्य करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इतना ही नहीं ऐसा माना जाता है कि इस दिन किए गए दान का कई गुना फल मिलता है और इससे पिछले पापों का नाश होता है। वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। अब ऐसे में ज्योतिष के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा के दिन कुछ ऐसे स्थान हैं, जहां दीपक जलाना शुभ माना जाता है।

## वैशाख पूर्णिमा के दिन तुलसी के पास जलाएं दीपक

तुलसी को हिंदू धर्म में एक पवित्र पौधा माना जाता है और इसे देवी लक्ष्मी का रूप माना जाता है। तुलसी भगवान विष्णु को भी बेहद प्रिय मानी जाती है। तुलसी के पौधे में सकारात्मक ऊर्जा का वास माना जाता है। इतना ही नहीं, तुलसी को स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसलिए वैशाख पूर्णिमा के दिन तुलसी के पास घी का दीपक जरूर जलाएं। इससे घर में सुख-शांति का आगमन होता है और नकारात्मकता से छुटकारा मिल सकता है।

## घर के ईशान कोण दिशा में जलाएं दीपक

ईशान कोण को वास्तुशास्त्र में देवताओं का स्थान माना गया है। यह दिशा सकारात्मक ऊर्जा का कारक माना जाता है। इस दिशा में दीपक जलाने से घर में सभी देवी-देवताओं की वास होता है। ईशान कोण गुरु और ज्ञान के ग्रह बृहस्पति से संबंधित है। इस दिशा में दीपक जलाने से ज्ञान, बुद्धि और सकारात्मक सोच में वृद्धि होती है।

## मुख्य द्वार पर जलाएं दीपक

वैशाख पूर्णिमा के दिन घर के मुख्य द्वार पर दीपक जलाने से व्यक्ति के घर परिवार में खुशियों का आगमन होता है और घर में कभी भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है।

इतना ही नहीं, मुख्य द्वार पर दीपक जलाने से घर में मां लक्ष्मी का आगमन होता है और आर्थिक तंगी से भी छुटकारा मिल सकता है।



# वैशाख पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी को जरूर चढ़ाएं ये चीजें

हिंदू पंचांग के हिसाब से वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को वैशाख पूर्णिमा कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा विधिवत रूप स करने का विधान है। वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं, वैशाख माह में चंद्रमा की पूजा और दर्शन करने से व्यक्ति को चंद्रदोष से छुटकारा मिल सकता है और व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी हो सकती है। अब ऐसे में इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि वैशाख पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी को क्या चढ़ाने से लाभ हो सकता है।

## मां लक्ष्मी को चढ़ाएं हल्दी



हिंदू धर्म में वैशाख पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी को हल्दी जरूर चढ़ाएं। हल्दी को धन और समृद्धि का कारक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि वैशाख पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी को हल्दी चढ़ाने से आर्थिक तंगी से छुटकारा मिल सकता है। आय के साधन भी खुल जाते हैं। वैशाख पूर्णिमा के दिन आप मां लक्ष्मी को हल्दी एक लाल कपड़े में बांधकर फिर चढ़ाएं और माता को चढ़ाने के बाद उस हल्दी को अपनी तिजोरी में रख दें। इससे लाभ हो सकता है।

## मां लक्ष्मी को चढ़ाएं कौड़ी

वैशाख पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी को कौड़ी चढ़ाएं। मां लक्ष्मी को कौड़ी बेहद प्रिय है। अगर आप माता को शीघ्र प्रसन्न करना चाहते हैं तो आप 5, 11 या 21 कौड़ी चढ़ाएं। मां लक्ष्मी को कौड़ी चढ़ाने से व्यक्ति को शुक्रदोष और चंद्रदोष से छुटकारा मिल सकता है और जातकों की मनोकामनाएं भी पूरी हो सकती है।

## मां लक्ष्मी को चढ़ाएं चावल

वैशाख पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी को चावल चढ़ाने का विशेष महत्व है। चावल को शुद्धता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसलिए इसे माता लक्ष्मी को चढ़ाने से व्यक्ति के जीवन में समृद्धि और ऐश्वर्य का आगमन होता है और जीवन में हमेशा शुभ परिणाम मिलते हैं। साथ ही जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होती है। इतना ही नहीं, मां लक्ष्मी को चावल अर्पित करने से घर में कभी भी धन और धान्य की कमी नहीं होती है।





# ये संकेत बताते हैं कि शनि का आपके जीवन में है शुभ-अशुभ प्रभाव

**शनि के प्रभाव से आपके जीवन में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। अगर आपको अचानक धन लाभ या हानि हो रही है, तो ये शनि के प्रभावों की वजह से हो सकता है। आइए जानें कुछ ऐसे संकेतों के बारे में जो आपके जीवन में शनि के उतार-चढ़ावों के बारे में बताते हैं।**

शनि एक ऐसा ग्रह है जो हमारे जीवन में बहुत तरह से गहरा प्रभाव डालता है। यह ग्रह हमें जीवन के विभिन्न पहलुओं में प्रभावित करता है जैसे करियर, स्वास्थ्य, संबंध और आर्थिक स्थिति। शनि के प्रभाव को समझने के लिए ज्योतिष की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसा कहा जाता है कि ज्योतिष से शनि के प्रभावों जो समझने और उनसे बाहर निकलने में मदद मिलती है। शनि के प्रभाव को शुभ और अशुभ दोनों रूपों में देखा जा सकता है। ऐसा कहा जाता है कि शनि अगर हमारे जीवन में शुभ प्रभाव लाता है तो हमें जीवन में सफलता, समृद्धि और सुख प्रदान कर सकता है, वहीं इसके अशुभ प्रभाव हमें जीवन में चुनौतियों, समस्याओं और कठिनाइयों का सामना करने के लिए प्रेरित करते हैं। आइए जानें ऐसे 5 संकेतों के बारे में जिनसे इस बात का पता चलता है कि आपके जीवन में शनि का शुभ और अशुभ प्रभाव है।

यदि आप बार-बार अपनी नौकरी बदलने के बारे में सोच रहे हैं या अपने व्यवसाय में नए अवसरों की तलाश कर रहे हैं, तो यह शनि के प्रभाव का एक बड़ा संकेत हो सकता है। दरअसल आपके मन में नौकरी या व्यवसाय को लेकर जो भी अच्छे या बुरे ख्याल आते हैं वो शनि के प्रभावों की वजह से ही हो सकते हैं। अगर आपकी किसी अच्छी जगह पर नौकरी लग रही है या फिर व्यापार में मुनाफा हो रहा है तो ये आपके जीवन में शनि ग्रह के अच्छे प्रभावों का संकेत हो सकता है। ऐसे में आपको शादी देव की आराधना करनी चाहिए और प्रत्येक शनिवार शनि मंदिर जाकर सरसों का तेल चढ़ाना चाहिए। यही नहीं आपको शनि चालीसा का पाठ भी शनिवार के दिन करने की सलाह दी जाती है। यदि आपकी नौकरी में कोई समस्या आ रही है तो यह शनि के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। ऐसे में आपको शनि के उपायों का ध्यान रखना चाहिए।

## नई आय का स्रोत हो सकता है शनि का संकेत

यदि आपको अचानक से नए वित्तीय लाभ हो रहे हैं या आपके जीवन में नया आय स्रोत उत्पन्न हो रहा है, तो यह शनि के सकारात्मक प्रभाव का संकेत हो सकता है। शनि का शुभ प्रभाव आपकी वित्तीय स्थिति में सुधार करने में मदद कर सकता है, लेकिन इस दौरान आपको अपने वित्तीय निर्णयों पर भी ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होती है। आपको इस दौरान किसी भी तरह की फिजूलखर्ची से बचने की सलाह दी जाती है। यदि आप इस समय धन का व्यय सोच-समझकर नहीं करते हैं तो आपको जीवन में समस्याएं आ सकती हैं।

## नए घर में शिफ्ट होना

यदि आप नए घर की तलाश में हैं या नौकरी में स्थानांतरण की योजना बना रहे हैं, तो यह शनि के प्रभाव का संकेत हो सकता है। शनि का प्रभाव जीवन में नए अवसर प्रदान कर सकता है, लेकिन यह जीवन में असंतुष्टता भी पैदा कर सकता है। यह बदलाव आपके जीवन में सकारात्मक या नकारात्मक किसी भी तरह का हो सकता है। यदि आप अचानक से नए घर में शिफ्ट होने की योजना बना रहे हैं या नई नौकरी को योजना बना रहे हों तो ये आपके जीवन में शनि के संकेत हो सकते हैं। हालांकि इस दौरान आपको धैर्य और सावधानी से काम लेने की आवश्यकता होती है। शनि के प्रभाव को समझ कर आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

## नींद के पैटर्न में बदलाव

यदि आपकी नींद के पैटर्न में बदलाव हो रहा है, जैसे कि रात को देर तक फोन स्क्रॉल करना, नींद की कमी या सुबह की दिनचर्या में बदलाव होना, तो यह शनि के नकारात्मक प्रभाव का संकेत हो सकता है। शनि का प्रभाव हमें अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर जोर देता है। अगर आपकी नींद में बार-बार बदलाव होता है जैसे आपको सोते हुए भी बुरे सपने आते हैं और नींद टूट जाती है, तो ये शनि के दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

## शनि के प्रभाव से आ सकती हैं स्वास्थ्य समस्याएं

यदि आपको एसिडिटी, कब्ज, जोड़ों में दर्द या शारीरिक ऊर्जा की कमी जैसी समस्याएं हो रही हैं या बिना किसी कारण के ही मानसिक तनाव हो रहे हैं तो ये शनि के प्रभाव से हो सकते हैं। शनि का प्रभाव हमें अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने और अपने जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव करने के लिए प्रेरित करता है। अगर आपके जीवन में भी अनचाही समस्याएं हैं तो ये शनि के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। ऐसे में आपको शनिवार के दिन किसी शनि मंदिर में जाकर सरसों का तेल चढ़ाने की सलाह दी जाती है।



# ऐसे किरदार की तलाश रहती है जो चुनौतीपूर्ण हों

सोनी सब का सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' काफी समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। जल्द ही इस सीरियल में एक्टर गौरव चोपड़ा भी नजर आएंगे। वह इस सीरियल में किस तरह का किरदार निभा रहे हैं? टीवी पर वापसी के लिए इसी सीरियल को क्यों चुना? बता रहे हैं एक्टर गौरव चोपड़ा।

प्रोफेसर के किरदार में नजर आएंगे

सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में गौरव चोपड़ा प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का रोल करेंगे। यह एक सख्त मिजाज का प्रोफेसर है, जो कि अपनी दमदार वकालत करने की क्षमता के लिए जाना जाता था। सीरियल में इस किरदार को लीड किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) की मदद के लिए लाया गया है। कुछ पुरानी घटनाओं के कारण राजवीर का व्यवहार कड़वाहट से भरा है। वह गुस्से में रहता है और शराब पीता है, उसको दुनिया और कानून व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। लेकिन पुष्पा जब उसके जीवन में आएगी है तो सबकुछ बदल जाएगा।

अपने रोल के बारे में गौरव चोपड़ा ने भी बात की। वह कहते हैं, 'जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी तो राजवीर का किरदार काफी जटिल किस्म का लगा। इस किरदार में काफी सारी लेयर्स हैं। एक एक्टर होने के नाते मुझे ऐसे किरदार की तलाश रहती है जो चुनौतीपूर्ण हों।'

### करुणा पांडे के साथ काम करने का अनुभव

सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में पुष्पा का किरदार करुणा पांडे निभाती हैं। गौरव उनके साथ काम करने के अनुभव के बारे में भी बताते हैं, 'वह पुष्पा के किरदार को नेचुरल तरीके से निभाती हैं। उनके साथ काम करना और इस सीरियल का हिस्सा बनना सच में मेरे लिए एक इमोशनल जर्नी की तरह है।'



# एक्टर नहीं निर्देशक को डेट कर रहीं हैं सामंथा

## सोशल मीडिया ने किया कंफर्म

सामंथा रुथ प्रभु अपनी कई आगामी साउथ फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चित है सामंथा की लव लाइफ। उनके फैंस यह जानने के लिए उत्सुक रहते हैं कि आखिर नागा चैतन्य से तलाक के बाद सामंथा किसे डेट कर रही हैं। आखिरकार, सामंथा की लाइफ में अब एक खास शख्स की एंट्री हो गई है। आइए बताते हैं कौन हैं वह...

### सामंथा की लाइफ में हुई खास शख्स की एंट्री

एक खबर के अनुसार, नागा चैतन्य और सामंथा के तलाक को अब पूरे 5 साल हो चुके हैं। नागा से अलग होने के बाद सामंथा का दिल निर्देशक राज निदिमोरु के लिए धड़क रहा है। हाल ही में सामंथा ने अपनी फिल्म शुभम को लेकर कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें सामंथा और राज की कुछ कोजी तस्वीरें भी दिखाई दीं।

### क्या राज को डेट कर रही हैं सामंथा

पिछले कुछ समय से सामंथा और डायरेक्टर राज निदिमोरु के अफेयर की अफवाहें उड़ रही हैं। इसी बीच सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर राज के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें वह राज निदिमोरु के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करती दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, नई शुरुआत। सामंथा रुथ प्रभु की इस इंस्टाग्राम पोस्ट के बाद नेटिजेंस उनसे रिलेशनशिप को लेकर सवाल कर रहे हैं।

### कौन हैं राज निदिमोरु



राज निदिमोरु एक साउथ निर्देशक हैं। उनकी पर्सनल लाइफ की बात करें तो वह एक बेटी के पिता हैं। अभी तक सामंथा और राज दो सीरीज में एक साथ काम कर चुके हैं। राज ने सामंथा को द फैमिली मैन और सिटाडेल- हनी बनी जैसी वेब सीरीज में डायरेक्ट किया है। वहीं, अब सामंथा जल्द ही राज की फिल्म शुभम में नजर आएंगी। इतना ही नहीं बल्कि हाल ही में दोनों को पिकलबॉल टीम चेन्नई सुपर चैंप्स में साथ देखा गया था। इसी के बाद से दोनों के अफेयर की अफवाहें शुरू हुई थीं। सामंथा की नई फिल्म शुभम 9 मई को रिलीज होगी।



# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच आसिम रियाज ने उठाया बड़ा कदम

हाल ही में भारतीय सेना की तरफ से पाकिस्तान में आतंकियों पर की गई कार्रवाई से पूरा देश खुश है। इसे सेना ने ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया है। इस पर भारतीय सेलेब्स अपने-अपने तरीके से खुशी का इजहार कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब बिग बॉस 13 के प्रतियोगी और रैपर आसिम रियाज ने एक बड़ा कदम उठाते हुए कहा कि कुछ चीजें संगीत से भी बड़ी होती हैं। आइए जानते हैं रैपर ने कौन सा कदम उठाया।

### आसिम ने उठाया यह कदम

भारतीय सेना द्वारा आतंकियों पर की गई कार्रवाई को लेकर रैपर आसिम रियाज ने अपने गाने के रिलीज को टाल दिया है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के तहत उन्होंने यह फैसला लिया है।

इंस्टाग्राम स्टोरी पर जानकारी साझा करते हुए आसिम ने लिखा, 'दो देशों के बीच मौजूदा तनाव के कारण, मैंने अपने गाने की रिलीज को एक हफ्ते के लिए टालने का फैसला किया है। नई तारीख 14 मई है।'

### संगीत से बड़ी चीज भी होती है

आसिम रियाज ने भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए आगे लिखा, 'कुछ चीजें संगीत से भी बड़ी होती हैं। सभी के लिए शांति और शक्ति की प्रार्थना करता हूं। इस पोस्ट से उन्होंने जाहिर किया कि देश सबसे पहले आता है फिर आप।

### पहलगाम आतंकी हमले पर भी जताया था दुख

इससे पहल भी आसिम रियाज ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले की निंदा की थी। उन्होंने कश्मीर की घाटी में हुई दर्दनाक घटना में पीड़ितों के लिए संवेदना और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की थी।

# द भूतनी के बाद अब इस फिल्म में नजर आएंगी पलक तिवारी

पलक तिवारी की फिल्म द भूतनी हाल ही में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखाया है। अब इसी महीने पलक की एक और फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। आज यानी 5 मई 2025 को रेमियो एस 3 का ट्रेलर मेकर्स ने जारी कर दिया। इस फिल्म में ठाकुर अनूप सिंह के साथ पलक तिवारी नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक गुड्डू धनोवा ने किया है। यह फिल्म 16 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म के ट्रेलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में एक्शन के साथ रोमांस और इमोशन का तड़का भी लोगों को देखने को मिलेगा।



# वामिका ने फिल्म 'बेबी जॉन की असफलता का कारण साझा किया

पिछले साल वरुण धवन की एक फिल्म 'बेबी जॉन' रिलीज हुई, इस फिल्म में वामिका गब्बी भी बतौर हीरोइन नजर आईं। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर सफलता नहीं मिली। हाल ही में इस फिल्म के फ्लॉप होने के बारे में वामिका ने बात की।

### फिल्म की असफलता का कारण बताया

हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया से की गई बातचीत में वामिका कहती हैं, 'मैंने अपना बेस्ट परफॉर्मेंस फिल्म 'बेबी जॉन' में दिया था और मुझे लगता है कि सभी ने अपना बेस्ट दिया था। कई लोगों को यह फिल्म पसंद आई और बहुत से लोगों को यह पसंद नहीं आई। कई लोगों का मनाना था कि यह साउथ फिल्म 'थेरी' की फ्रेम-टू-फ्रेम रीमेक थी, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है।' बताते चलें कि फिल्म 'बेबी जॉन' साउथ फिल्म 'थेरी' की रीमेक थी। साउथ वाली फिल्म को एटली ने निर्देशित किया था, वहीं हिंदी फिल्म को एटली ने प्रोड्यूस किया। दोनों फिल्मों का खूब कंपैरिजन हुआ, जिसमें 'थेरी' लोगों को ज्यादा अच्छी लगी।

### 'भूल चूक माफ' में क्या है वामिका का किरदार

फिल्म 'भूल चूक माफ' में वामिका ने एक छोटे शहर की लड़की का रोल किया है। हाल में इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वामिका अपने किरदार के बारे में बताती हैं।

वह कहती हैं, 'मैं बहुत खुश हूं कि फिल्म 'भूल चूक माफ का ऑफर मुझे मिला। इसमें मैंने तितली का किरदार निभाया है, इसे निभाने में मजा आया। मुझे लगता है कि कई लड़कियां इस किरदार से कनेक्ट करेंगी।' इस फिल्म की कहानी को भी वामिका अलग बताती हैं। इस फिल्म की कहानी टाइम लूप पर है, फिल्म में हीरो की शादी का दिन आता ही नहीं है, हल्दी वाला दिन ही बार-बार लूप में चलता रहता है।





# 'केसरी वीर' में योद्धा बने सुनील शेट्टी

## इन एक्शन फिल्मों के लिए भी किए जाते हैं याद

जल्द ही प्रिंस धीमान निर्देशित फिल्म 'केसरी वीर' में सुनील शेट्टी एक योद्धा का किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म सोमनाथ मंदिर पर हुए हमले की एक ऐतिहासिक कहानी कहेगी। कैसे कुछ योद्धाओं ने सोमनाथ मंदिर की रक्षा की थी, यही फिल्म की कहानी है। यह पहली बार नहीं है कि सुनील शेट्टी किसी एक्शन फिल्म कर हिस्सा बन रहे हों, वह अपने करियर में कई एक्शन फिल्म कर चुके हैं।

### बलवान

एक्शन फिल्म 'बलवान(1992)' से ही सुनील शेट्टी ने बॉलीवुड में कदम रखा था। फिल्म में एक पुलिस ऑफिसर के रोल में वह नजर आए। इस एक्शन फिल्म को दीपक आनंद ने निर्देशित किया था। फिल्म में पुलिस ऑफिसर अर्जुन सिंह (सुनील शेट्टी) का सामना विलेन भाई जी (डैनी डेन्जोंगपा) से होता है।

### विश्वासघात

साल 1996 में रिलीज फिल्म 'विश्वासघात' भी सुनील शेट्टी की एक एक्शन फिल्म थी। हिंमाशु ब्रह्मदत्त द्वारा निर्देशित फिल्म में सुनील शेट्टी के अलावा अनुपम खेर भी मुख्य भूमिका में नजर आए। फिल्म में एक्ट्रेस के तौर पर अंजलि जठर नजर आईं।

### शस्त्र

संजय खन्ना निर्देशित फिल्म 'शस्त्र (1996)' में भी सुनील शेट्टी एक्शन करते दिखे। इस फिल्म में एक बार फिर विलेन के रोल में डैनी डेन्जोंगपा सुनील शेट्टी के सामने खड़े नजर आए। फिल्म की कहानी में हीरो अपने माता-पिता की मौत का बदला लेता है।

### बॉर्डर

साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर' जरूर मल्टीस्टारर फिल्म थी लेकिन इसमें सुनील शेट्टी बीएसएफ ऑफिसर भैरों सिंह के रोल में नजर आए। इस किरदार ने दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी, आज भी इस फिल्म में कहे गए सुनील शेट्टी के डायलॉग दर्शकों को याद हैं। इस फिल्म को जे.पी दत्ता ने निर्देशित किया था।

### भाई

फिल्म 'भाई (1997)' भी एक गैंगस्टर एक्शन ड्रामा फिल्म रही। दीपक शिवदसानी निर्देशित यह फिल्म तेलुगू फिल्म 'अन्ना' का रीमेक थी। फिल्म में सुनील शेट्टी के छोटे भाई के रोल में कुणाल खेमू नजर आए। फिल्म में पूजा बत्रा, आशिषी विद्यार्थी जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में दिखे।

### ऑफिसर

सुनील शेट्टी ने साल 2001 में एक एक्शन थ्रिलर फिल्म 'ऑफिसर' भी की। इस फिल्म को नईम शाह ने निर्देशित किया था। फिल्म 'ऑफिसर' एक अमेरिकन फिल्म 'वर्टिगो (1958)' से इंस्पायर थी। इस फिल्म में सुनील शेट्टी के अपोजिट रवीना टंडन नजर आएंगी, विलेन के रोल में डैनी डेन्जोंगपा थे।

### कांटे

संजय गुप्ता निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म 'कांटे(2002)' में भी सुनील शेट्टी दिखे। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, संजय दत्त, महेश मांजेकर, लकी अली जैसे कई एक्टर्स नजर आए।

# बिल गेट्स का बड़ा ऐलान, 99 प्रतिशत संपत्ति गेट्स फाउंडेशन को करेंगे दान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार बिल गेट्स ने अपनी बची हुई 99 प्रतिशत संपत्तियां गेट्स फाउंडेशन को दान करने की घोषणा की है। इस संपत्ति की अनुमानित कीमत 107 अरब डॉलर है। यह दान अब तक के सबसे बड़े परमार्थ कार्यों में से एक होगा मुद्रास्फीति के हिसाब से समायोजित किए जाने पर यह दान मशहूर उद्योगपति जॉन डी. रॉकफेलर और एंड्रयू कार्नेगी के ऐतिहासिक योगदान से भी आगे निकल गया है।



**वॉरेन बफे निकल सकते हैं आगे-** बर्कशायर हैथवे के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे ही दान की गई राशि के मामले में गेट्स से आगे निकल सकते हैं। बफे ने जिस संपत्ति को दान करने का संकल्प लिया है उसकी मौजूदा अनुमानित कीमत फोर्ब्स ने 160 अरब डॉलर आंकी है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव होने पर इसका मूल्य और भी अधिक हो सकता है।

सॉफ्टवेयर कंपनी- माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक गेट्स का यह दान गेट्स फाउंडेशन को समय के साथ दिया जाएगा। इससे फाउंडेशन को अगले 20 वर्षों में 200 अरब डॉलर की अतिरिक्त राशि खर्च करने की सुविधा मिल जाएगी। गेट्स ने को दिए एक साक्षात्कार में परोपकार के लिए दान के बारे में कहा कि इन उद्देश्यों के लिए इतना कुछ कर पाना रोमांचकारी है।

**क्या है प्लान-** इस बड़े दान की घोषणा गेट्स फाउंडेशन के वैश्विक स्वास्थ्य एवं शिक्षा की दिशा में जारी प्रयासों को समर्थन देती है। गेट्स का कहना है कि अपनी संपत्ति खर्च करने से अब कई लोगों की जान बचाने और उन्हें बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जिसका फाउंडेशन के बंद होने के बाद भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हालांकि, यह घोषणा गेट्स फाउंडेशन के वर्ष 2045 में बंद होने का भी संकेत देती है।

पहले फाउंडेशन को गेट्स के निधन के दो दशक बाद बंद करने की योजना बनाई गई थी लेकिन अब इसकी समयसीमा 2045 तय कर दी गई है। अपने शेष दो दशक में फाउंडेशन प्रति वर्ष लगभग नौ अरब डॉलर का बजट बनाए रखेगा। बिल गेट्स ने कहा कि मुझे लगता है कि इन चीजों पर प्रगति करने के लिए जितना संभव हो सके उतना देने और लोगों को यह बताने के बीच 20 साल का समय सही संतुलन है कि अब यह पैसा खत्म हो जाएगा।

**25 साल पहले गेट्स फाउंडेशन की शुरुआत-** गेट्स फाउंडेशन ने 25 साल पहले गठित होने के बाद से अब तक 100 अरब डॉलर खर्च किए हैं। इस फाउंडेशन को अब तक 41 प्रतिशत राशि वॉरेन बफे से मिली है जबकि शेष राशि गेट्स ने माइक्रोसॉफ्ट की कमाई से दी है। बता दें कि गेट्स और मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने वर्ष 2000 में इस फाउंडेशन की बुनियाद रखी थी। इसने वैश्विक स्वास्थ्य और शिक्षा की बेहतरी के लिए लगातार काम किए हैं फाउंडेशन के सीईओ मार्क सुजमैन ने कहा कि पोलियो उन्मूलन, मलेरिया जैसी घातक बीमारियों पर नियंत्रण और कुपोषण को कम करना जैसे कई काम अभी बाकी हैं।

# 1 मई को अग्रवाल समाज ज़ानबाग़ कॉलोनी शाखा के चुनाव



**हैदराबाद (एजन्सी),**

---------------

अग्रवाल समाज ज्ञानबाग़ कॉलोनी शाखा के कार्यकारिणी सदस्यों की मीटिंग कि गयी जिसमे निर्णय लिया गया है कि शाखा के चुनाव आगामी 11 मई 2025 बशीरबाग़ स्तिथ वेज पार्क में दोपहर 12 बजे से 3:00 बजे भोजन के साथ किया जायेगा। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिव शंकर जी गोयल, मंत्री राकेश अग्रवाल, सह मंत्री निखिल चौधरी, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, केंद्रीय समिति मेंबर राधेश्याम अग्रवाल, दीनबंधु अग्रवाल, अनिल अग्रवाल आदि कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे।



**हैदराबाद (एजेंसी),** राजभवन, हैदराबाद में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन, हैदराबाद में आयोजित एक समारोह में श्री जी. चंद्रशेखर रेड्डी, आईएफएस (सेवानिवृत्त) को तेलंगाना सूचना आयोग के राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में पद की शपथ दिलाई।

# कान्ची वेलफेयर सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय मातृ दिवस का आयोजन

**हैदराबाद (एजन्सी),**

------------

कान्ची वेलफेयर सोसायटी ने जनगॉव में अन्तर राष्ट्रीय मातृ दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वहाँ के जिलाधीश रिजवान शेख विशिष्ट अतिथि चन्द्रशेखर चेयरमेन तिरुमला बैक थे। श्रीमती परमेश्वरी शर्मा इस सोसाइटी की अध्यक्षा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में गरीबों में साडियो का वितरण भी किया गया। अन्य अतिथियों में डा रविन्द्र गौर, अन्जेनयलू श्रीमती विभा भारती और श्रीमती सुधा ठाकुर उपस्थीत थी।





**हैदराबाद( एजेंसी),** केबीआर पार्क में स्कूल के छात्रों ने स्कैटिंग का अयोजन किया। जिसके मुख्य मास्टर दिनेश पंचोली ने भाग लेने के लिए मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार अग्रवाल के करकमलों द्वारा सभी बच्चों को प्रोत्साहन दिया और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की।

# 25 मई को अग्रवाल समाज दोमलगुडा शाखा की वार्षिक सभा

**हैदराबाद (एजन्सी),**

----------------

अग्रवाल समाज, तेलंगाना की दोमलगुडा शाखा की वार्षिक साधारण सभा और वर्ष 2025 - 27 के लिए नए पदाधिकारियों का चयन 25 मई, रविवार को हिमायतनगर स्थित ब्लू बेसिल होटल में संपन्न होंगे।

चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश पंसारी, पर्यवेक्षक गिरधारी लाल अग्रवाल और सहयोगी गिरधारी लाल गुप्त तथा राजेश अग्रवाल होंगे।



शाखा द्वारा संचालित क्लिनिक में संपन्न कार्यकारिणी सभा में लिए गए उक्त निर्णय के अंतर्गत वार्षिक सभा में शाखा, क्लिनिक और महिला समिति की वार्षिक रिपोर्ट और आय व्यय का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यकारिणी सभा में शाखा की हेल्थ क्लिनिक, आर्थिक स्थिति, महिला समिति और अन्य विषयों पर भी चर्चा की गयी। इसके पूर्व महाराजा श्री अग्रसेन जी को नमन के पश्चात शाखा अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने स्वागत संबोधन और सह मंत्री प्रतीक अग्रवाल ने पिछली कार्यकारिणी सभा की रिपोर्ट के अंतर्गत शाखा द्वारा आयोजित किए गए होलिका दहन, फागुन गीत धमाल और माँ लक्ष्मी तथा महाराजा श्री अग्रसेन जी की रथ यात्रा स्वागत और अन्य आयोजनों की जानकारी प्रस्तुत की। रथ यात्रा स्वागत में विशेष सहयोग हेतु शाखा सदस्य रोशन लाल मित्तल का आभार व्यक्त किया गया।

वर्ष 2024 - 25 हेतु विजय कुंछल ने शाखा की, अक्षय अग्रवाल ने क्लिनिक की और सरला अग्रवाल ने महिला समिति के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। सभा में उपस्थित अनिल गर्ग, डॉ दिलीप पंसारी और विजय जिंदल ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# 17 वां हैदराबाद ज्वेलरी पर्ल एंड जेम फेयर शुरू

**हैदराबाद (एजन्सी),**

----------------

इंफॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया द्वारा आयोजित हैदराबाद ज्वैलरी पर्ल एंड जेम फेयर (HJF 2025) का 17वां संस्करण आज हैदराबाद के HITEX के हॉल 4 में शुरू हुआ। यह आयोजन दक्षिण भारत के सबसे प्रभावशाली B2B ज्वैलरी व्यापार मंच होने की अपनी विरासत को पूरा करता है, जिसमें देश भर और विदेश से हजारों ज्वैलर्स, डिज़ाइनर, निर्माता और खुदरा विक्रेता एक साथ आते हैं, जिसका रणनीतिक ध्यान दिवाली से पहले शादी और त्यौहारी सीज़न की खरीदारी पर होता है। 8000 से अधिक प्रभावशाली व्यापारिक आगंतुकों को आकर्षित करने की उम्मीद करते हुए, HJF 2025 एक गतिशील मंच प्रस्तुत कर रहा है जो भारत के रत्न और आभूषण उद्योग की जीवंतता और लचीलेपन को दर्शाता है। प्रमुख नामों और उभरती प्रतिभाओं के क्यूरेटेड शोकेस के साथ, प्रदर्शनी में नवीनतम वैश्विक रुझानों के अनुरूप अभिनव डिजाइन और नए ब्रांड लॉन्च शामिल हैं। प्रतिष्ठित दीप प्रज्ज्वलन समारोह में









भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट कार्तिक रेड्डी, जोस अलुक्का के प्रबंध निदेशक वर्गीज अलुक्का सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनके साथ प्रमुख गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए - जीजेसी के उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता; एचजेएमए के अध्यक्ष महेंद्र तायल; एचजेएमए के उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल; जेएबी के अध्यक्ष डॉ. चेतन कुमार मेहता; ट्विन सिटीज ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश चरण, तेलंगाना बुलियन, जेम एंड ज्वैलरी फेडरेशन के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद वर्मा; तेलंगाना पॉन ब्रोकर ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पारसमल रांका योगेश मुद्रास, प्रबंध निदेशक, इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया; सुश्री पल्लवी मेहरा, वरिष्ठ समूह निदेशक, इन्फॉर्मा मार्केट्स इंडिया इन इंडिया और पंकज शेंडे, समूह निदेशक, इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया। हाई-टेक सिटी ज्वैलरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (HJMA), तेलंगाना बुलियन जेम्स एंड ज्वैलर्स फेडरेशन (TBJA), तेलंगाना पॉन ब्रोकर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन, पॉट मार्केट ज्वैलर्स एसोसिएशन जैसे उद्योग संघों द्वारा समर्थित यह मेला दक्षिणी आभूषण बाजार के विकास को गति देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि करता है और यह शादी और त्यौहारी सीजन के लिए एक महत्वपूर्ण सोर्सिंग प्लेटफॉर्म है, जिसमें तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और महाराष्ट्र के खरीदार मुख्य दर्शक हैं। मेले की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय अपील के एक मजबूत संकेतक में, होस्टेड खरीदार कार्यक्रम 3,000 से अधिक लक्षित B2B बैठकों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों के बीच मूल्यवान साझेदारी और व्यापार सौदे करता है। "एचजेएफ 2025 हर मायने में एक ऐतिहासिक आयोजन है - गुणवत्तापूर्ण लोगों की संख्या से लेकर प्रदर्शकों की विविधता और प्रदर्शित उत्पादों की प्रासंगिकता तक। यह वैश्विक आभूषण क्षेत्र में भारत के नेतृत्व की पुष्टि करता है और उद्योग के विकास में हमारी भूमिका को उजागर करता है। चूंकि भारतीय रत्न और आभूषण क्षेत्र 2030 तक 168.62 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ओर बढ़ रहा है, एचजेएफ 2025 उद्योग की अनुकूलनशीलता, नवाचार और सहयोगी भावना का प्रमाण है। यह आयोजन एक ऐसा अनुभव प्रदान करता है जिसमें व्यवसाय, डिजाइन, विरासत और प्रौद्योगिकी का संयोजन है। हमें एक ऐसा मंच बनाने पर गर्व है जो वास्तव में व्यापार की उभरती आकांक्षाओं को पूरा करता है," योगेश मुद्रास, प्रबंध निदेशक, इंफॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया ने कहा। तीन दिवसीय मेला न केवल उच्च गुणवत्ता वाली नेटवर्किंग और व्यावसायिक लेनदेन को बढ़ावा देता है, बल्कि समृद्ध शिल्प कौशल और दूरदर्शी डिजाइनों का भी जश्न मनाता है जो आज भारतीय आभूषणों को परिभाषित करते हैं। रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी और उद्योग-व्यापी प्रशंसा के साथ, 17वें संस्करण ने भविष्य के मेलों के लिए एक उच्च मानक स्थापित किया है। HJF 2026 की योजना पहले से ही बनाई जा रही है, जिसका लक्ष्य इस गति को बनाए रखना और भारत के आभूषणों के भविष्य को आकार देना जारी रखना है। मेले के सबसे आकर्षक आकर्षण थे - मुंबई के प्रतिष्ठित जावेरी बाजार की समृद्ध विरासत को विशेष श्रद्धांजलि, प्रदर्शनी में सांस्कृतिक गहराई और विविधता जोड़ना, पावर ऑफ यंग और लीजेंड्स ऑफ साउथ - भारत के रत्न और आभूषण क्षेत्र में युवा ज्वैलर्स की प्रेरक उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए डिज़ाइन की गई एक विशेष शाम। एक अन्य प्रमुख आकर्षण एक्सक्लूसिव शोकेस है, जो भारत के सबसे बड़े और सबसे विशिष्ट आभूषण डिजाइन डिस्प्ले को प्रस्तुत करेगा, जिसमें कुंदन, जादव, पोल्की, एंटीक, सिल्वर, रत्न, मोती, प्रौद्योगिकी और मशीनरी को समर्पित विशेष मंडप होंगे। व्यावसायिक परिणामों को और मजबूत करने के लिए, मेले में एक बिजनेस मैचमेकिंग प्रोग्राम भी शामिल होगा, जो हैदराबाद, बैंगलोर, चेन्नई और त्रिशूर में आयोजित प्री-इवेंट रोड शो द्वारा समर्थित मूल्य श्रृंखला में शीर्ष-स्तरीय खुदरा विक्रेताओं और खरीदारों के साथ क्यूरेटेड फेस-टू-फेस मीटिंग की सुविधा प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, पावर पैक्ड कॉन्फ्रेंस, कार्यशालाएँ, पैनल चर्चाएँ और ज्ञान-साझाकरण सत्रों ने डिजिटल-प्रथम दुनिया में डिज़ाइन रुझानों, प्रौद्योगिकी एकीकरण और उपभोक्ता व्यवहार के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान की।

# मैं जब बीसीसीआई अध्यक्ष था तो रोहित शर्मा महान कप्तान थे - गांगुली

